हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जून 2026



# स्कूलों तक पहुंची 9वीं-10वीं की किताबें, आज से आठवीं तक का होगा वितरण

## नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही वितरण का टारगेट, विकासखंड तक पहुंचाई किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूली बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराने जिले के चारों विकासखंडों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक योजना और सरस्वती साइकिल योजना को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि स्कूल खुलते ही बच्चों को पढ़ाई-लिखाई की सामग्री और आने-जाने के लिए साधन मिल सके। बताया गया कि जिले की स्कूलों में 9वीं-10वीं की किताबें पहुंचा दी गई है। वहीं कल बुधवार से पहली से आठवीं कक्षा की किताबों का वितरण शुरू किया जाएगा।

### जिले में बंटेगी छह हजार साइकिलें

मिली जानकारी के अनुसार इस साल जिले में कुल 6070 साइकिलों की आवश्यकता बताई गई है। इस मांग के मुकाबले विभाग को अब तक 5119 साइकिलें प्राप्त भी हो चुकी है। प्राप्त हुई इन साइकिलों को असेंबल करने और सुधारने का काम भी शुरू कर दिया गया है। अब तक डोंगरगढ़ विकासखंड में कुल 500 साइकिलों की फिटिंग पूरी की जा चुकी है। जबकि राजनांदगांव विकासखंड में भी 200 से अधिक साइकिलें तैयार कर ली गई है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की कोशिश है कि बाकी बची हुई साइकिलों की फिटिंग भी समय पर पूरी कर ली जाए।



### स्कूल खुलते ही बंटेगी किताबें

सोमवार की स्थिति के अनुसार जिले के छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और राजनांदगांव विकासखंड के कुल 158 विद्यालयों में कक्षा नवमीं और दसवीं की पाठ्यपुस्तकें भेजी जा चुकी है। इसमें सबसे अधिक 49 स्कूलों में किताबें राजनांदगांव विकासखंड में पहुंचाई गई है। इसके अलावा छुरिया विकासखंड के 42 स्कूलों, डोंगरगढ़ के 35 स्कूलों और डोंगरगांव के 32 स्कूलों में किताबों की खेप भेजी जा चुकी है।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक योजना के तहत कक्षा नवमीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए किताबों के वितरण का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं यानी कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए पाठ्यपुस्तकों के वितरण का कार्य जून के पहले हफ्ते से बड़े पैमाने पर प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में हाई स्कूल की छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और सुदूर क्षेत्रों से स्कूल आने-जाने की सुविधा देने के लिए निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना को लेकर भी काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए विभाग ने योजना बनाई है कि शेष बचे विकासखंडों यानी डोंगरगांव और छुरिया में जून के पहले सप्ताह के अंत तक फिटिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा।

---

## कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन घेरा एसपी कार्यालय

# गलत मेडिकल रिपोर्ट और खाकी की बेरहमी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत साढ़े 14 वर्षीय किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती बताकर गलत रिपोर्ट देने और इसके बाद थाना में पुलिस प्रताड़ना के मामले को लेकर दोषियों पर कार्रवाई करने कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने रैली निकाली और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करते प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बीते 25 मई को सोमनी थाना पुलिस द्वारा एक बीमार किशोरी को देर रात उसके रिश्तेदार के घर से कथित रूप से बिना वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए बगैर उठाकर सोमनी थाना लाया गया, जहां उसे पूरी रात भूखे-प्यासे रखकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के मामले को लेकर आज सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते एसपी कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन करते किशोरी के साथ सोमनी थाना पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार, अवैधानिक कार्रवाई एवं दोषी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भ जांच की अमानक किट की खरीदी एवं आपूर्ति की जांच कर एफआईआर दर्ज करने मांग की गई है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने इस मामले से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया था और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की थी, लेकिन इस मामले में अब तक सभी दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा इस मामले से जुड़े सभी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने मांग की गई है।

**खास बातें**

- पीड़ित बालिका के साथ महिला कर्मी ने किया दुर्व्यवहार
- कीट सप्लाई करने वाले भाजपा नेता पर कार्रवाई की कांग्रेस ने की मांग
- जांच के बाद लिया जाएगा एक्शन, दो समिति कर रही पूरी जांच पड़ताल



**होगी कार्रवाई**

थाना प्रभारी और महिला प्रधान आरक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है। इसमें पुलिस और प्रशासन की अलग से जांच टीम कार्य कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्षता से आगे की कार्रवाई होगी।

-अंकित शर्मा,
पुलिस अधीक्षक

### सप्ताहभर का अल्टीमेटम

अपने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कमेटी द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने के बाद कार्रवाई के लिए एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है। एक सप्ताह में सभी दोषियों पर कार्रवाई नहीं करने की स्थिति में आईजी कार्यालय का घेराव करने चेतावनी दी गई है।

### किट सप्लाई करने और खरीदने वाले पर हो कार्रवाई

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि जिस रात सोमानी थाना में पीड़ित किशोरी को प्रताड़ित किया गया, वहां एक महिला अधिकारी भी उपस्थित थी। उसने भी उसके साथ दुर्व्यवहार किया है। उन्होंने मांग की है कि सभी दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए। इसके साथ ही जिस जांच किट से रिपोर्ट गलत आई, उस किट की खरीदी करने वाले बीएचएमओ और किट की सप्लाई करने वाले भाजपा नेता के भाई पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पुलिस पर संवेदनहीनता का आरोप

कांग्रेस द्वारा अपने ज्ञापन में कहा गया कि यह पुलिस की गंभीर संवेदनहीनता एवं शक्ति के दुरूपयोग का मामला है, बल्कि किशोर न्याय, बाल संरक्षण एवं पाक्सो अधिनियम की भावना के भी विपरीत है, जिस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, शारदा तिवारी, कमलजीत सिंह पिंटू, रमेश राठौड़, मामराज अग्रवाल, हेमा देशमुख, रूपेश दुबे, माया शर्मा, मेहुल मारू, झम्मन देवांगन, रूपेश जोशी, संतोष पिल्ले, राजा तिवारी, रूबी गरचा, पूर्व पार्षद चंपू गुप्ता, ऋषि शास्त्री, आमीन हुड्डा, विनय झा, अशोक पंजवानी, मनीष साहू, सूरज शर्मा, विशु अजमानी, अमर झा, चेतन भानुशाली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

---

# ससुर के साथ मारपीट आरोपी दामाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ससुर के साथ मारपीट किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 2 जून की रात्रि थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 1 जून को रात्रि 10.30 बजे अपने बेटी दामाद के घर अपनी बेटी, नाती के लिए खाना लेकर गया था। दरवाजा के पास पहुंचा तो उसका दामाद दुर्गेश पटेल उसकी लड़की अंशिका पटेल को गालियां देते जान से मारने की धमकी देते हाथ, थप्पड़ से मारपीट कर रहा था, जिसे मना करने पर उसका दामाद दुर्गेश पटेल उसे गालियां देते जान से मारने की धमकी देकर किसी धारदार वस्तु से इसके सिर पर मारा। जिससे यह लहूलुहान हो गया। इसी तरह पूर्व में भी दामाद द्वारा नशे की हालत में कई बार मारपीट करना बताया कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 118 (1) बीएनएस कायम कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

### सब्जी काटने का चाकू जब्त

पुलिस के अनुसार आरोपी दुर्गेश पटेल निवासी अटल आवास बैगापारा लखोली को थाना लाया गया। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक सब्जी काटने का चाकू जब्त कर आरोपी को 2 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

---

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 85 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब परिवहन एवं अवैध बिक्री के मामले में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 85 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में 1 जून को प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी प्रणय कुंजाम 26 साल निवासी सिंगदई को अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे कुल 85 पौवा देशी प्लेन शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर आरोपी प्रणय कुंजाम को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

---

# ओवरटेक की बात पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छट्ठी कार्यक्रम से बाइक में सवार होकर लौट रहे लोगों को ओवरटेक करने की बात पर विवाद करते चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतालाव थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 जून को प्रार्थी रामलाल चंद्रवंशी निवासी वार्ड क्र. 3 टिकरापारा डोंगरगढ़ द्वारा थाना बोरतलाव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका भतीजा ओमप्रकाश चंद्रवंशी अपने साथियों युवराज चंद्रवंशी, धनसाय नेताम, रामप्रसाद नेताम एवं मुरली मनोहर चंद्रवंशी के साथ 31 मई को ग्राम दर्रेकसा (महाराष्ट्र) में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम उपरांत सभी लोग रात्रि लगभग 9 बजे तीन मोटर साइकिलों से अपने ग्राम कोटनापानी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बोरतलाव फॉरेस्ट बेरियर के पास मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ओमप्रकाश चंद्रवंशी एवं रामप्रसाद नेताम की मोटर साइकिल का पीछा करते ओवरटेक करने की बात पर गाली-गलौज की गई तथा उन्हें वाहन रोकने कहा गया।

### दो पर कार्रवाई, चाकू जब्त

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस को विवेचना के दौरान प्राप्त मुखबीर सूचना के आधार पर ग्राम बागरेकसा में दबिश देकर आरोपी निरज कुमार परते 21 वर्ष निवासी ग्राम छिंदीजोब व करन कुमार चंद्रवंशी 20 वर्ष निवासी ग्राम छिंदीजोब को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व एक धारदार चाकू तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



### धारदार हथियार से हमला

जब उन्होंने वाहन नहीं रोका, तब दोनों अज्ञात व्यक्तियों ने उनका पीछा करते थाना बोरतलाव के आगे लाल कटिंग रोड स्थित सब्जी फार्म हाउस के पास मोटर साइकिल रूकवाई और रात्रि लगभग 9.50 बजे ओमप्रकाश चंद्रवंशी पर धारदार हथियार से हमला कर उसके पेट के बाएं हिस्से में गंभीर चोंट पहुंचाई। जिससे वह बेहोश हो गया। रिपोर्ट पर थाना बोरतलाव में धारा 296, 109(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

---

## पुलिस ने यातायात जागरूकता अभियान चलाया

# नियमों का उल्लंघन, 524 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई अभियान के तहत मई माह में 524 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन हेतु जिले के विभिन्न चौक-चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में आमजन को निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, मालवाहक वाहनों में सवारी नहीं बैठाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन नहीं चलाने, मोटर साइकिल पर तीन सवारी नहीं बैठाने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने तथा वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज जैसे पॉल्यूशन प्रमाण-पत्र, फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखने हेतु समझाइश दी जा रही है।




### लाईसेंस निलंबन की प्रक्रिया

शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों को न्यायालय खैरागढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही प्रकरणों के निराकरण उपरांत उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु संबंधित परिवहन विभाग को प्रेषित किए जा रहे हैं। मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले चालकों के विरुद्ध भी लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई सतत जारी है।

### शुल्क वसूल

मई माह के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत बिना नंबर प्लेट वाहन 175 प्रकरण, तीन सवारी 92 प्रकरण, बिना हेलमेट 30 प्रकरण, बिना सीट बेल्ट 12 प्रकरण, मालवाहक वाहन में सवारी बैठाना 8, शराब पीकर वाहन चलाना 16, प्रेशर हॉर्न का उपयोग 38, अन्य उल्लंघन 153 प्रकरण कुल 524 प्रकरणों में 3,01,700 रुपए का समन शुल्क, अर्थदंड वसूल किया गया।



## खबर संक्षेप

### दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण



**साल्हेवारा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साल्हेवारा के व्याख्याता बहादुर सिंह खुशरो ने ग्राम झोरीपारी के दुर्गावती चौक में वीरांगना महारानी दुर्गावती की प्रतिमा का स्थापना किया है। प्रतिमा का गत दिनों लोकार्पण किया गया। खुशरो परिवार, गोंडवाना सगा समाज तथा ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरुवात पूजा-अर्चना के साथ हुई। समाज के वरिष्ठजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने रानी दुर्गावती के त्याग, शौर्य और स्वाभिमान को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह में हेमलता मंडावी, शेरसिंह मेरावी, संजीव ध्रुवे, संतोष ध्रुवे, कुशाल ध्रुवे, रवि मानिकपुरी, गोवर्धन मेरावी, राजेश ध्रुवे, दशरथ पटेल, मोहित मंडावी, नंदू सिंह खुशरो, बलदाऊ नेताम, असली ध्रुवे, विजय मेरावी, तुलाराम ध्रुवे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सकोरे का निःशुल्क वितरण



**जेवरतला रोड।** भीषण गर्मी में पक्षियों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के शिक्षक अजय पाठक, रीना बोरकर, हेपशीबा एंथोनी और पवन सिन्हा ने निःशुल्क सकोरा वितरण किया। इस अभियान के तहत ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों को सकोरा दिया जा रहा है ताकि पक्षियों को पानी मिल सके। व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि गर्मियों में पानी के स्रोत सूख जाते हैं जिससे सैकड़ों पक्षी प्यास के कारण दम तोड़ देते हैं। व्यायाम शिक्षिका रीना बोरकर ने सभी से सकोरे को नियमित साफ कर ताजा पानी भरने की अपील की है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी, पवन सिन्हा ने पानी से भरे सकोरे रखने का आग्रह किया।

### महासभा में पदाधिकारियों का चयन



**छुईखदान।** धोबी समाज की महासभा का आयोजन कुटेलीखुर्द में किया गया। समाज के वरिष्ठजनों, पंचों आदि की उपस्थिति में सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन एवं समाजहित के विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज को संगठित रखने तथा सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। बैठक में सर्वसम्मति पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई। अध्यक्ष राजू रजक (खुड़मुड़ी), उपाध्यक्ष देवकुमार बोरई, सचिव उत्तम रजक (धारियां), सह सचिव इन्द्रेश रजक (छुईखदान) एवं कोषाध्यक्ष कमलेश रजक को बनाया गया। रंजू रजक (सरपंच, नवागांव लोधी) सहित समस्त पंचों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### दिलाशाबाई हुई पंच निर्वाचित



**सोमनी।** ग्राम पंचायत सोमनी के वार्ड 20 में पंच पद के लिए हुए उपचुनाव में दिलाशा बाई साहू निर्वाचित हुई है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी अनोखीबाई को 25 मतों से पराजित किया। परिणाम आने के बाद सरपंच नीलिमा शिवा साहू, पंच भारती टंडन, गोविंद साहू, जितेंद्र बंजारे ने नवनिर्वाचित पंच दिलाशा बाई साहू के निवास पहुंचकर पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। इस दौरान गोकुल यादव, विदेशीराम साहू, सचिन यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### रूपलाल अध्यक्ष चुने गए

**मुरमुंदा।** मानिकपुर रामाटोला में छत्तीसगढ़िया महार समाज मेढा इकाई की बैठक आयोजित कर पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। मानिकपुर के रूपलाल लाउत्रे को अध्यक्ष, हीरालाल बागमरे को उपाध्यक्ष, दिनेश टेंबुरकर सचिव एवं देवीप्रसाद धमगाए को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में 26 गांव से सामाजिकजनों ने शामिल होकर मतदान किया।

### पटवारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी



**डोंगरगढ़।** पटवारी संघ ने नायब तहसीलदार से मारपीट मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। पटवारी संघ जिला राजनांदगांव ने मैनपाट में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार माणिक के साथ कथित मारपीट, अभद्रता एवं शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष भीष्म ठाकुर ने कहा कि नायब तहसीलदार तुषार माणिक के साथ विधायक रामकुमार टोप्पो एवं उनके समर्थकों द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने विधायक के व्यवहार को गरिमा के विपरित बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना प्रशासनिक और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। संघ ने घटना को निंदनीय बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### नशा से दूर रहने का आव्हान

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग एवं प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशन तथा वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ में प्राचार्य ने तेजी से फैलती धुम्रपान की समस्या को लेकर विद्यार्थियों को बताया एवं तम्बाकु व अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले बीमारियों पर प्रकाश डाला। इसी कडी में विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर नशापान एवं तम्बाकु सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से ग्रामीणों को अवगत कराया। जागरूकता रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर जालबांधा बस स्टैंड होते हुए बाजार चौक तक गई। विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रतियोगिता में बढचढकर हिस्सा लिया। अंत में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने नशा न करने का संकल्प लिया। इस दौरान रवि प्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, डॉ नवीन राजपूत, वासु दुबे, अश्विन गौतम, शिवम वैष्णव, नेमू साहू, पूजा देवांगन, मासूम वर्मा, अंजलि रामटेकर, डॉ साधना देवांगन उपस्थित थे।



### लक्ष्मीबाई जंघेल का निधन

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंडरिया की लक्ष्मीबाई जंघेल का निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गई। वह पूर्व सरपंच सुरेन्द्र जंघेल की मां और जनपद सभापति ज्योति जंघेल की सास थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिवार, मित्र एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## ग्रामीणों के लिए लाभदायक रहा सुराज तिहार, समस्याओं से मिली मुक्ति

# हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटपर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली तथा विभिन्न विभागों ने मौके पर ही समस्याओं के समाधान की पहल की। शिविर में ग्राम पंचायत मेंढा, अमलीडीह, टप्पा, कोलिहापुरी नवा, उरईडबरी, झंडातलाब, पिनकापार, मोतीपुर, धनडोंगरी, भोथली, मक्काटोला, रामाटोला एवं पटपर के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन, विद्युत, स्वास्थ्य, वन, खाद्य, मत्स्य, परिवहन, सहकारिता, पशुधन विकास, ग्रामोद्योग, शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। हितग्राहियों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कुल 891 आवेदन प्राप्त हुए।



### सुशासन तिहार में किसानों को मिला केसीसी ऋण



**डोंगरगढ़।** रेंगाकठेरा में सुशासन तिहार अंतर्गत समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा, डूंडेरा, भंडारपुर, गाजमर्रा, जामरी, खलारी, कुररूभाठ, मुड़पार, मुंदगांव, मुरमुन्दा, पिपरिया, राका के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान राशन कार्ड, केसीसी ऋण, क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सुपोषण किट का वितरण किया गया। शिविर में अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विभागों को 1193 आवेदन मिले। गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, दिनेश गांधी, प्रशांत कोडापे, बीरम मंडावी, टोमेश्वर साहू, उमेश साहू, पूजा चौधरी, लक्ष्मी नारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित

शिविर में 7 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग ने 3 किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण प्रमाणपत्र, 2 को आयुष्मान कार्ड तथा 2 वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान किया। शिक्षा विभाग ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 10 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गोद भराई कराया। गर्भवती महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तथा पोषण किट दिया गया। शिविर में जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, जिपं सभापति प्रशांत कोडापे, जनपद सदस्य अशोक नेताम, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, सरपंच बोधीराम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## खरदी पहुंचा प्रशासन, शिविर में सुनी गई लोगों की समस्याएं

**मोहला।** सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत खरदी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशासन ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना तथा त्वरित निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की।

शिविर में खरदी, खड़गांव, बोरिया मोकासा, हथरा, मुरारगोटा, दोरबा, कोसमी, कमकासूर, जक्के, दिघवाड़ी, मांडरी, कुम्हारी, डोकला, सरोली एवं मिचगांव के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों को 1224 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### स्टॉल में दी योजनाओं की जानकारी

विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजना अंतर्गत सामग्री, प्रमाण पत्र, सहायता राशि एवं अन्य लाभ दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है।




### नशा मुक्ति का संकल्प

शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। सांस्कृतिक दलने नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, शाहिदा बेगम, रेखा कोठारी, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित नाथ योगी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पद्मावतीपुर तक सड़क निर्माण की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकासखंड छुईखदान के ग्राम धारिया एवं आसपास के ग्रामीण एक बार फिर अपनी वर्षों पुरानी सड़क निर्माण की मांग को लेकर मुखर हो गए हैं। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि वे सुशासन तिहार के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर धारिया से एटीकसा, भूरसाटोला और खोंघा होते हुए पद्मावतीपुर पहुंच मार्ग तक पक्की सड़क निर्माण की मांग करेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बरसात के दिनों में सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों की समस्याओं और मांगों के निराकरण का दावा किया जा रहा है। ऐसे में क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि उनकी वर्षों पुरानी सड़क निर्माण की मांग पर भी सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।



### गोपालपुर में सौंपेंगे ग्रामीण ज्ञापन

ग्रामीणों ने बैठक कर तय किया है कि गोपालपुर में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचकर जिले के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। उनका कहना है कि धारिया से पद्मावतीपुर तक का यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है और इसके पक्कीकरण से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब क्षेत्रवासियों की नजरें सुशासन तिहार पर टिकी हैं। सवाल यह है कि वर्षों से लंबित यह मांग आखिर कब पूरी होगी?

## माल लोडिंग में विलंब से व्यापारियों को नुकसान



**डोंगरगढ़।** रेलवे में समय पर माल लोडिंग नहीं होने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। पीक्यूआरएस केंद्र से माल लोड किया जाता है। व्यापारियों द्वारा माल लोड करने के लिए इंडेंट का मांग किया जाता है,। इंडेंट उपलब्ध होने के बाद व्यापारियों को सूचना दी जाती है जिसके बाद माल की लोडिंग की जाती है। माल लोडिंग के लिए रेल प्रशासन द्वारा समय निर्धारित किया जाता है। निर्धारित समय में लोडिंग नहीं होने पर डीसी चार्ज लगाया जाता है, परंतु देखा जा रहा है कि रेल अधिकारी का कार्य दलाल द्वारा किया जा रहा है। दलाल सुनिश्चित करता है कि किसे पहले इंडेंट मिलेगा। जानकारी के अनुसार गत दिनों गेहूं व्यापारी को इंडेंट उपलब्ध होने की जानकारी दी गई थी। व्यापारी जब माल के साथ पहुंचा तो बताया गया कि इंडेंट कैंसिल कर दिया गया है जिससे गेहूं व्यापारी को नुकसान उठाना पड़ा। इस संबंध में डीएमओ विशाल गर्ग ने आरोप को निराधार बताया है।

## खम्हेरा में गायत्री महायज्ञ आयोजित

**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में एक दिवसीय संगीतमय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं दीप महायज्ञ का आयोजन खम्हेरा में किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने संपन्न कराया। सर्वप्रथम प्रज्ञा गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात श्री सिन्हा ने गौ, गंगा, गीता, गुरु एवं गायत्री का महत्व बताते हुए यज्ञीय जीवन जीने प्रेरित किया। गायत्री महायज्ञ में सात बहनों का पुंसवन संस्कार हुआ। शाम को नीलिमा सिन्हा ने भजनों की प्रस्तुती दी तत्पश्चात झांकीमय गायत्री दीप महायज्ञ किया गया। आयोजन में तुकाराम ,रामलाल चंद्रवंशी, प्रीतम विश्वकर्मा, प्यारी चंद्रवंशी, वृंदा देवी, हिरामन चंद्रवंशी, कृष्णा, युवराज, उदयराम, गिरधर साहू, हरेंद्र साहू, देवीलाल गुरुपंच, नूतन साहू, महासिंह साहू, नरबद, बंशीलाल, भजनलाल आदि

### // जाहिर आम सूचना //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्यार्थी हलधर के पिता माखन एवं दुर्गाप्रसाद के पिता गुहाराम लोगों की शामिलाती भूमि ग्राम खैरी छुईखदान में स्थित रही है जिसका ख.न. क्रमशः 7, 9/1, 267, 390, 425, 438/1, 921, 925, 991/1, 1081/1. रकबा कमशः 0.105, 1.214, 1.360, 0.267, 0.085, 0.113, 3.181, 0.117, 0.468 0.189, 0.535 कुल ख.न. 11 कुल रकबा 7.634 हे० भूमि मेरे कार्यार्थी एवं दुर्गप्रसाद एवं अन्य के स्वामित्व में रही है। जिसे मेरे कार्यार्थीगणों की बिना सहमति या किसी पंजीकृत विक्रयपत्र या दानपत्र अथवा हक परित्याग के मेरे कार्यार्थीगणों का नाम निरस्त करा दिया है जिसकी जानकारी होने पर श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया गया है जो विचाराधीन है। दुर्गाप्रसाद उपरोक्त भूमि को विक्रय करने के फिराब में है। हलधर द्वारा प्रस्तुत अपील का राजस्व मामला क्र-208506890400018 अ-27 / वर्ष 2024-25 है।

एतद द्वारा जन साधारण को इस समाचार पत्र के माध्यम से ताकीद किया जाता है कि दुर्गाप्रसाद द्वारा यदि विक्रय करने का कुत्सित प्रयास किया जाता है उनके बहकावे में आकर कोई खरीदी बिक्री ना करें अन्यथा कोई भी सौदा विक्रयपत्र न्यायालयीन कार्यवाही में निरस्त हो सकता है।

सूचना जाने।

दिनांक 02/06/2026

अधिवक्ता वास्ते- (मोतीलाल जंघेल)
हलधर आ. माखन लोधी एवं अन्य
निवासी ग्राम- खैरी तह० छुईखदान
जिला- के.सी.जी. (छ.ग.)

## सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा और निर्माण जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में अवैध कालोनी विकसित करने के अलावा नजूल की जमीन पर कब्जा करने के मामला सामने आ रहा है। बिना कालोनाईजर लाईसेंस के अवैध प्लाटिंग करते हुए जमीन बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर में 5 से 6 अवैध कालोनी बन चुकी है। वहीं अन्य अधिक कालोनी बनाने की तैयारी है। गाजमर्रा रोड, विद्युत कार्यालय, पुराना नेहरू कॉलेज, जेल रोड, चौथना, उपर मंदिर, चंद्रगिरि रोड, प्रज्ञागिरि, इंदिरानगर, अछोली मुख्य, अस्पताल, सुदर्शनगिरि, जयस्तंभ चौक, अग्रसेन चौक, रेल्वे कालोनी, कंडरापारा, चौथना मार्ग, केदारबाडी सहित अन्य जगहों पर कालोनी बनाने की तैयारी है।

### सरकारी जमीन पर कब्जा

जानकारी के अनुसार लोग नजूल की जमीनों पर कब्जा करने में लगे है। साहू धर्मशाला से लगे नाले की जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिया गया है। अग्रसेन चौक के पास नाले को पाट कर कब्जा करने की तैयारी हो चुकी है। कन्या शाला रोड पर कालोनी लगभग बन चुकी है।

### सुविधाओं का अभाव

अवैध कालोनियों में न तो लाईट का ठिकाना है और न पानी निकासी की व्यवस्था। आनेवाले समय में निस्तारी पानी की समस्या सामने आएगी।

### अग्रवाल परिचय सम्मेलन 7 को

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल सभा रायपुर ने आगामी सात जून को विधवा विधुर तलाकशुदा परिचय सम्मेलन आयोजित किया है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने बताया कि जवाहर नगर रायपुर स्थित अग्रसेन भवन में अध्यक्ष विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम रखा गया है। विशंभर अग्रवाल एवं डॉ नीरज अग्रवाल को रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी दी गई है। श्री अग्रवाल ने सामाजिकजनों से सम्मेलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

## सुविधा मुहैया कराने जनपद सभापति की सार्थक पहल, पानी टैंकर कराया उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

■ लाखों के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

पेयजल संकट को देखते हुए जनपद सभापति रेशमा साहू ने गत दिनों चलित पानी टैंकर की शुरूवात की। उन्होंने अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

जानकारी के अनुसार जनपद सभापति श्रीमती साहू ने क्षेत्र के समग्र विकास एवं नागरिकों को सुविधा मुहैया कराने के लिए अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। उन्होंने छुईखदान के ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जल संकट के समाधान के लिए चलित पानी टैंकर प्रदान किया जिससे ग्रामीणों को अब पर्याप्त पानी मिलेगा।



उन्होंने मोखली में सीसी रोड के लिए 2 लाख, कोटरासरार में पाइपलाइन विस्तार के लिए 1 लाख , सोनेसरार में सीसी रोड 2 लाख की स्वीकृति दी है। विभिन्न कार्य के स्वीकृत होने पर ग्रामीणों ने सभापति श्रीमती साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर सरपंच घनश्याम साहू, प्रीतम साहू, ओमप्रकाश, दीना, पन्नालाल, राधे, कांति साहू, चंद्रिका साहू, ईश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, मोतिम साहू, ललिता साहू, पूर्णिमा साहू, बालकृष्ण गंजीर, गैंदलाल साहू, महेंद्रकांत साहू आदि मौजूद थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम ने दी दबिश

# नगर के झंडा चौक बस्ती में जमीन के नीचे मिली अवैध शराब व गांजा की खेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के झंडा चौक क्षेत्र स्थित बस्ती में पुलिस प्रशासन ने अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की टीम ने क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब, गांजा तथा अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को शिकायत मिली थी कि झंडा चौक के आसपास की बस्ती में रहने वाले कुछ लोग अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त हैं तथा अपने घरों में ही इन सामग्रियों का भंडारण कर बिक्री कर रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई और क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पहले संबंधित लोगों को समझाइश देते हुए घरों और अन्य स्थानों पर छिपाकर रखी गई अवैध सामग्री स्वेच्छा से पुलिस को सौंपने की अपील की। सहयोग नहीं मिलने पर पुलिस टीम ने कई घरों में सर्च अभियान चलाया।

तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध शराब, गांजा और अन्य प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई। बताया जा रहा है कि अवैध कारोबार से जुड़े कुछ लोगों ने शराब की खेप जमीन में दबाकर छिपा रखी थी, जिसे पुलिस ने जेसीबी मशीन की सहायता से खुदाई कर बरामद किया। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक यह आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है कि किन-किन आरोपियों के घरों और ठिकानों पर कार्रवाई की गई तथा किसके कब्जे से कितनी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद हुई है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की जांच और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है।







### जमीन के नीचे मिला नशे का सामान

बताया जाता है कि यहां आरोपियों ने अवैध शराब, गांजा तथा दूसरा नशे का सामान बकायदा जमीन में गड्डा खोदकर तथा उसमें पाईप डालकर सुरक्षित ढंग से अवैध शराब तथा गांजा छिपाकर रखा था। लेकिन पुलिस ने कार्यवाही के दौरान ऐसे सभी स्थानो पर जमीन को खोदकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब तथा गांजा को जप्त कर लिया। बताया जाता है कि इस कार्यवाही में दो आरोपियों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच भी कर रही है।

### पुलिस की संयुक्त टीमों ने की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में कबीरधाम पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, साइबर थाना एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर गांजा एवं अवैध शराब जप्त की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए नशा मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया। उन्होने कहा कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना पुलिस को दें। आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# पंडरिया कारखाना में भुगतान का संकट, श्रमिक लामबंद



- श्रमिकों के वेतन और किसानों के गन्ना भुगतान में देरी पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पंडरिया में श्रमिकों और किसानों के लंबित भुगतानों को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। श्रमिक कल्याण संघ ने कारखाना प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक को ज्ञापन सौंपा है और महीनों से लंबित भुगतान तत्काल जारी करने की मांग की है।

संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि कारखाने में कार्यरत श्रमिकों का जनवरी और फरवरी माह का वेतन पिछले छह महीनों से लंबित है। बढ़ती महंगाई के बीच श्रमिकों के सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा और दैनिक जरूरतों को पूरा करना चुनौती बन गया है।

उन्होंने कहा कि कारखाने के संचालन और प्रबंधन को लेकर किए गए कई वादे धरातल पर पूरे नहीं हो सके हैं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

### क्षेत्र के गन्ना किसानों को भुगतान का इंतजार

श्रमिक संघ ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 के गन्ना की मूल राशि का भुगतान भी अब तक किसानों को नहीं मिल पाया है। खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसानों को खाद, बीज और कृषि कार्यों के लिए तत्काल धनराशि की आवश्यकता है। भुगतान में देरी के कारण कई किसान बैंक ऋण की किस्तें चुकाने में भी कठिनाई महसूस कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि भुगतान की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

### सुरक्षा गार्डों की समस्याएं भी बरकरार

संघ ने यह भी आरोप लगाया कि कारखाने की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को भी लंबे समय से वेतन नहीं मिला है। साथ ही उन्हें आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इससे सुरक्षा कर्मचारियों में भी नाराजगी बढ़ रही है।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

श्रमिक कल्याण संघ ने प्रबंध संचालक से सभी लंबित भुगतानों को शीघ्र जारी करने तथा श्रमिकों, किसानों और सुरक्षा कर्मियों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी कारखाना प्रशासन की होगी। इस संबंध में प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक का पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका और फोन कॉल का भी जवाब नहीं मिला।

## खबर संक्षेप

### तीन विपत्ति ग्रस्त परिवार को मिली आर्थिक मदद

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने तीन विपत्ति ग्रस्त परिवारों को 75 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। एसडीएम संदीप ठाकुर ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर ग्राम धोबघट्टी निवासी चंद्रकुमार की मृत्यु हो जाने पर उनके दादा मंतराम, ग्राम सारंगपुर कला निवासी कृष्णा आडिले की मृत्यु हो जाने पर उनके पिता रेशम लाल और कीर्ति आडिले की मृत्यु हो जाने पर उनके ससुर रेशम लाल आडिले को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

### डीईएलईडी प्रवेश परीक्षा-की सभी तैयारियां पूर्ण

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित डीईएलईडी प्रवेश परीक्षा-2026 04 जून 2026 गुरुवार को प्रातः 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर के निर्देश पर परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में परीक्षा के लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां 4,801 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थाओं की निगरानी एवं परीक्षा संचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रत्येक केन्द्र में कलेक्टर कार्यालय की ओर से एक पर्यवेक्षक तथा समन्वयक केन्द्र की ओर से एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। परीक्षा के दौरान अनुचित एवं अनैतिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

# गंभीर लापरवाही पर हीरापुर पंचायत सचिव निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत हीरापुर के सचिव अतुल कुमार दिवाकर को शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल द्वारा की गई है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा द्वारा सचिव अतुल कुमार दिवाकर के विरुद्ध पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही तथा पद के दुरुपयोग संबंधी शिकायतों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव जिला पंचायत को भेजा गया था।

प्रस्ताव के परीक्षण उपरांत संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस के जवाब का परीक्षण करने पर प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं पाया गया। साथ ही जांच में पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही की पुष्टि हुई। यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 के प्रावधानों के विपरीत तथा कदाचार की श्रेणी में पाया गया। इसी आधार पर छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1999 के तहत कार्रवाई करते हुए सचिव अतुल कुमार दिवाकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जनपद पंचायत कवर्धा निर्धारित किया गया है। नियमानुसार उन्हें निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

# लालपुर ग्राम इकाई गठित शत्रुघन चंद्रवंशी बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ द्वारा कवर्धा तहसील अंतर्गत ग्राम लालपुर में ग्राम इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस दौरान उपस्थित किसानों को भारतीय किसान संघ की रीति-नीति, कार्यप्रणाली एवं संगठन के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने कहा कि ग्राम समितियों का गठन किसानों को संगठित करने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्राम समिति गांव स्तर पर किसानों और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करती है। समिति के माध्यम से बिजली, पानी, राजस्व, सोसायटी तथा कृषि विभाग से जुड़ी समस्याओं का निराकरण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है।

ग्राम इकाई गठन के दौरान शत्रुघन चंद्रवंशी को अध्यक्ष, सुनील चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष तथा विजय चंद्रवंशी को मंत्री का दायित्व सौंपा गया। वहीं फेरूराम, चंद्र योगी, चेतन, गिरधर यादव, राजेश एवं चितरंजन को ग्राम समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी, कार्यालय मंत्री कमलेश चंद्रवंशी, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुदर्शन रांची, सुखदेव चंद्रवंशी, गिरधारी यादव सहित बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इंटरसेप्टर वाहन से पुलिस अधीक्षक ने की ऑनलाइन चालानी कार्रवाई

- यातायात नियमों के पालन का दिया सख्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और अनुशासित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह स्वयं सड़क पर उतरे।

उन्होंने सोमवार को शहर के अंबेडकर चौक पहुंचकर इंटरसेप्टर वाहन का निरीक्षण किया और उसकी कार्यप्रणाली का परीक्षण करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्रवाई की।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने इंटरसेप्टर वाहन में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों की जानकारी ली तथा स्वयं उपकरणों का संचालन कर वाहनों की निगरानी की। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर उनके खिलाफ ऑनलाइन चालान जारी किए गए। इस अवसर पर यातायात प्रभारी आरआई पुष्पेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने यातायात पुलिस अधिकारियों और जवानों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए नियमित अभियान चलाए जाएं। उन्होंने स्कूल-कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात नियमों की जानकारी देने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़े नहीं होतीं, बल्कि किसी परिवार की खुशियां छीन लेने वाली घटनाएं होती हैं। अधिकांश दुर्घटनाएं लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिन्हें जागरूकता और नियमों के पालन से काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा नियमित जांच अभियान संचालित करने के निर्देश भी दिए।

### लोगों को किया जाएगा प्रोत्साहित

एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने वाला नागरिक न केवल स्वयं सुरक्षित रहता है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कबीरधाम पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जागरूकता और प्रवर्तन दोनों स्तरों पर लगातार कार्य किया जा रहा है। नियमों का पालन करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

# स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण कार्य कराएं शुरू: कलेक्टर वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें अगले एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की आवासीय योजनाओं का लाभ समय पर मिलना प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी जनपद पंचायत स्तर पर अप्रारंभ आवासों की सूची तैयार कर हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखें तथा निर्माण प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति की जानकारी प्रतिदिन अद्यतन की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने उचित मूल्य दुकानों से मई एवं जून माह के चावल वितरण की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग द्वारा बताया गया कि सभी पीडीएस दुकानों में चावल का भंडारण कर वितरण कार्य निरंतर जारी है।

उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि निजी अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले पात्र मरीजों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। दूरस्थ क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित कर लक्ष्य पूर्ति में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सड़क, आंगनबाड़ी भवन एवं छात्रावास निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण एवं पोर्टल में समय पर जानकारी अपलोड करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

## टीचर्स एसोसिएशन ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की रखी मांग

# डीईओ ऑफिस बना नियम विरुद्ध पदोन्नति का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




शिक्षा विभाग को सभी के द्वारा सम्मान दिया जाता है, क्योंकि इसी विभाग से नियंत्रित शिक्षा के मंदिर अर्थात स्कूलों से शिक्षा प्राप्त कर व्यक्ति विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ते हैं।

इस विभाग से शुचिता की अपेक्षा किया जाता है, लेकिन जिले के शिक्षा विभाग के हेड ऑफिस जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वर्तमान में जिस प्रकार से गतिविधियाँ संचालित हो रहा है, उससे जिले के साख पर विपरीत असर पड़ रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एक कर्मचारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ एक कर्मचारी के पांच साल पहले हुए पदोन्नति को गलत होने के कारण कुछ दिन पहले ही निरस्त किया गया था। इसके बाद सभी को अपेक्षा था कि शिक्षा विभाग के बड़े कार्यालय से इस गलती की पुनरावृत्ति नहीं किया जाएग, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने गलती से सीख लेने के बजाय उसी गलती की फिर से पुनरावृत्ति कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने विगत 17 दिसंबर 2025 को अपने ही ऑफिस में सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ श्रवण कुमार अग्रवाल को नियम विरुद्ध वरिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति दे दिया है। इस गलती का अहसास होने पर पदोन्नत कर्मचारी श्रवण कुमार अग्रवाल के पद पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने का बहाना बनाते हुए उनके पदोन्नति आदेश को जिला शिक्षा अधिकारी ने 22 जनवरी 2026 को निरस्त भी कर दिया है।

अब प्रश्न उठता है कि शिक्षा विभाग में यह खेल आखिर कब तक जारी रहेगा? छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करने वाले इस कृत्य की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि जिला शिक्षा विभाग में कुछ दिनों से जिस प्रकार की खबरें बाहर आ रहा है, वह शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करने वाला है, इस खेल का पर्दाफाश आवश्यक है, ताकि ऐसे कृत्य की पुनरावृत्ति न हो सके। इसके लिए अविलम्ब जांच आवश्यक है।

एसोसिएशन का स्पष्ट कहना है कि विभाग की छवि को धूमिल होने से बचाने के लिए शीघ्र ही जांच कमेटी गठित नहीं होने पर कड़े कदम उठाने बाध्य होना पड़ेगा।

### पदोन्नति समिति में नियम विरुद्ध सदस्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रवण कुमार अग्रवाल के पदोन्नति के लिए गठित पदोन्नति समिति में नियम से हटकर सदस्य शामिल किया गया। यह भी जांच का विषय है, क्योंकि पदोन्नति समिति के सदस्य छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी राजपत्र के अनुसार पहले से ही तय रहते हैं। यह भी ताज्जुब की बात है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिस स्थापना शाखा से पदोन्नति की प्रक्रिया आगे बढ़ता है, उसका प्रभारी भी नियमविरुद्ध पदोन्नति से लाभान्वित होने वाले श्रवण कुमार अग्रवाल ही हैं।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी अजय ध्रुव के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त पंडरिया की टीम ने अवैध मदिरा परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला आबकारी अधिकारी अजय ध्रुव ने बताया कि 01 जून 2026 को आबकारी वृत्त पंडरिया की टीम द्वारा ग्राम कोयलारी कांपा से कुम्ही मार्ग, थाना पांडातराई क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को दोपहिया वाहन से अवैध रूप से देशी मदिरा का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजू चंद्रवंशी, पिता धनीराम चंद्रवंशी, निवासी ग्राम कुम्ही, थाना पांडातराई के रूप में हुई है।

आरोपी के कब्जे से 29 नग देशी मदिरा प्लेन कुल 5.22 बल्क लीटर जप्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 2,320 रुपए है। कार्रवाई के दौरान अवैध मदिरा परिवहन में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 जेबी 5476 भी जप्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 50,000 रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई है।

## सार समाचार

### 4 को सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव

**राजनांदगांव।** सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु कबीर पंथ महासंघ नई दिल्ली (भारत) शाखा छत्तीसगढ़ के संयुक्त



तत्वावधान में आगामी 4 जून को शाम 4बजे से सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत श्री चुडामणि साहेब के मुख्य आतिथ्य में उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम प्रातः गुरु महिमा पाठ, ध्वज पूजन कर प्रारंभ किया जाएगा। साथ में सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के गादिपति महंत श्री सेवादास साहेब, संतश्री टुकेश्वर साहेब कबीर धर्म स्थान खरसिया, और दीवान श्री अमरदास, भजन गायक संतोष साहेब व क्षेत्र के विशिष्ट संत महापुरुषों की उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु कबीर पंथ महासंघ के प्रदेश सचिव योगदास साहू ने दी।

### प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी गठित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन जिलाध्यक्ष ममता अवस्थी के मार्गदर्शन में किया



गया। इससे पूर्व श्रीमती अवस्थी ने अपने निवास पर मीटिंग का आयोजन कर पुरुषोत्तम मास के पुण्य अवसर पर सुंदरकांड का संगीतमय पाठ संपन्न कराया। सामाजिक कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य करने का वचन पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दिया। जिला कार्यकारिणी के गठन से पूर्व प्रदेश महासचिव वंदना तिवारी, शहर अध्यक्ष संगीता मिश्रा तथा अनीता बाजपेई ने समाज में संगठन की ताकत को मजबूत करने आह्वान किया। जिला कार्यकारिणी के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु ममता शर्मा, सुमन शुक्ला, संध्या तिवारी, रंजना शर्मा, ज्योति मिश्रा तथा नीलम शुक्ला को प्रभार सौंपा गया। इसी तरह शिक्षा समिति में स्वाति शुक्ला, पुष्पांजलि शुक्ला, सुधा तिवारी, मंजुषा बाजपेयी एवं आकांक्षा शुक्ला को जवाबदारी दी गई। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी के रूप में डॉ. सूर्यकांत मिश्रा का मनोनयन किया गया। मंच संचालन इंदुमती मिश्रा द्वारा किया गया।

### पांच बच्चों का अग्निवीर सैनिक में चयन

**राजनांदगांव।** जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से एनआईएस कोच कामता प्रसाद यादव छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम सुंदरा



के चपला मैदान में नियमित प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। जिसमें लगभग 100 बच्चे प्रतिदिन एथलेटिक्स का अभ्यास करने आते हैं। जिसमें पैरामिलिट्री फोर्स एवं भारतीय थल सेना हेतु बच्चे प्रशिक्षण लेते हैं। उन प्रशिक्षार्थियों में से पांच बच्चों ने अग्निवीर चयन परीक्षा में सफलता हासिल की है। प्रशिक्षण के पश्चात इन पांचो बच्चों का भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में चयन हुआ है। ये सभी बच्चे राजनांदगांव जिले के हैं। जिनमें राकेश कुंभकार बागनदी, गजेंद्र ठाकुरटोला, हरीश सौरभ सिंह सुंदरा और गोपाल सिंगोला शामिल हैं। सुंदरा के चपला मैदान में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं सचिव रणविजय प्रताप सिंह तथा कोच कामता प्रसाद यादव द्वारा चयनित बच्चों का स्वागत किया गया एवं प्रशिक्षार्थी बच्चों का मनोबल बढ़ाने टिप्स दिए गए। चयनित बच्चों को जिला एथलेटिक संघ के संरक्षक मधुसूदन यादव, नवाज खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश ब्यौहारे, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अतुल चोपड़ा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, प्रकाश साथिया, शैलेंद्र तिवारी, राजाराम देवांगन, प्रकाश मिश्रा, तरूणा सिंह, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, कबड्डी संघ के अशोक चौधरी, तीरथ गिरी गोस्वामी, हॉकी कोच एनआईएस अनुराग श्रीवास्तव, राजू वैष्णव, प्रमोद अग्रहम, झम्मन देवांगन, शीतल साहू, प्रवीण मेश्राम व ऋषिदेव चौधरी ने बधाई दी है।

### निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान जारी

**राजनांदगांव।** नौतपा की भीषण गर्मी में भरी दोपहरी नगर निगम की टीम चौक-चौराहों में घुमंतू एवं बैठे मवेशी पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। वहीं



रात्रिकालीन टीम प्रतिदिन शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से मवेशी हकालने का काम कर रहा है। इसके अलावा निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकड़ा जाता है। पकड़े मवेशियों को रेवाडीह व कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुंचाया जाता है, जहां गंज मंडी से बचे फल व सब्जी लाकर मवेशियों को खिलाया जा रहा है। साथ ही बीमार मवेशी ईलाज के लिए गौशाला पिंजरापोल एवं मोहारा गौशाला छोड़ा जाता है। टीम द्वारा नाली-नालों में फंसे मवेशियों को निकालने की कार्यवाही की जाती है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही के तहत नौतपा में भरी दोपहरी कमला कॉलेज रोड, महाराणा प्रताप चौक, मठपारा, लखोली रोड, गंज चौक, नंदई चौक आदि क्षेत्र से घुमंतू एवं बैठे 6 मवेशी को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है, जहां से उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोड़ा जाएगा।

### दिग्विजय कॉलेज में सुशासन शिविर आज

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ देने नगर निगम द्वारा वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर की कड़ी में कल 3 जून को महावीर वार्ड नं. 37 व दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिए दिग्विजय कॉलेज में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्या सुन उनसे मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त करेंगे।

### कबीर ज्ञान सत्संग का आयोजन आरला में कल

**राजनांदगांव।** ग्राम आरला में एक दिवसीय कबीर ज्ञान सत्संग समारोह का आयोजन 4 जून को किया जा रहा है। इस आयोजन में कबीर मठ नादिया के संत गिरवर साहेब का उपदेश होगा। आयोजनकर्ता मीनाबाई साहू ने बताया कि सुबह 11 से दोपहर 1 बजे सत्संग होगा। वहीं दोपहर 2 बजे से भोजन प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### शिविर में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री

**छुईखदान।** सुशासन तिहार अंतर्गत 3 जून को गोपालपुर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 10 बजे से शाम



3 बजे तक पंचायत भवन के पास आयोजित होगा। शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगे। गोपालपुर क्लस्टर की 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शिविर में अपनी मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखेंगे। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया है।

---

#### छत्तीसगढ़ के अलावा मप्र की टीमों ने भी लिया हिस्सा

# इंदौर के नाटक ने मारी बाजी, एकल अभिनय में धमतरी का निर्भया अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा 31 मई को भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के आडिटोरियम में एकल अभिनय व नाट्य विद्या की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा मप्र की टीमों ने भी हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि संपादक दुष्यंत दास व अध्यक्षता दीपक कोटांगले ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. पीएम लुका अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव व श्रेयांस सिंह शामिल हुए। दोपहर 12 बजे दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम एकल अभिनय की शुरूआत हुई। जिसमें 4 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 1 छिंदवाडा मप्र का कलाकार तथा धमतरी के 3 कलाकार ने प्रतिभागिता की। एकल अभिनय में पुरस्कारों की शुरूआत सात्वंना पुरस्कार से की गई। धमतरी के कौन हूं मैं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एकल अभिनय में आकाशगिरी गोस्वामी धमतरी को एकल अभिनय उफ में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं एकल अभिनय में छिंदवाडा के विजय आनंद दुबे के एकल अभिनय खलनायक को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा एकल अभिनय निर्भया धमतरी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसे ज्योति मागर ने प्रस्तुत किया था।



**बाल कलाकारों को किया पुरस्कृत :** इसी तरह प्रतियोगिता में 11 कैटेगिरी अवार्ड के साथ बच्चों को उत्साहवर्धन के लिए भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें ओम मंच पर अस्तित्व छिंदवाडा के नाटक पाचवा पराठा के तीनों बाल कलाकारों को मोमेन्टो देकर पुरस्कृत किया गया। कैटेगिरी अवार्ड में बेस्ट एक्टर अवार्ड इंदौर के रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच के टिल्लु के किरदार को दिया गया। बेस्ट अभिनेत्री अवार्ड इंदौर के रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच के कायल जैन को दिया गया।

#### दर्शकों को रूलाया

धमतरी के एकल अभिनय में निर्भया ने दर्शकों को रूलाया। वहीं इदौर के नाटक गज फूट इंच ने दर्शकों को खुब हंसाया। इसी तरह नाटय विद्या में ओम मंच पर अस्तित्व छिंदवाडा के नाटक पाचवा पराठा व इंद्रधनुष थियेटर ग्रुप राजनांदगांव के नाटक ग्लानी को सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद राशि दी गई। नाटक विद्या में तृतीय स्थान पर रहा। नाटक राख शाश्वत उत्सर्ग युथ थियेटर धमतरी दूसरे स्थान रहा। नाटक टीस रंगभूमि थियेटर ग्रुप रायपुर और प्रथम स्थान पर रंगरूट थियेटर ग्रुप इंदौर का नाटक गज फूट इंच। सभी प्रथम व द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे नाटकों को नगद राशि भी प्रदान की गई।

#### वरूण को बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड

बेस्ट सह-अभिनेता का अवार्ड रंगभूमि थियेटर ग्रुप रायपुर के नाटक टीस के रजस को दिया गया। बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच के वरूण जोशी को दिया गया। बेस्ट स्टोरी का अवार्ड नाटक ग्लानी इंद्रधनुष थियेटर ग्रुप राजनांदगांव के आनंद तिवारी को दिया गया। बेस्ट लाईट का अवार्ड रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच को दिया गया। बेस्ट म्युजिक का अवार्ड रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच को दिया गया। बेस्ट स्क्रीप्ट का अवार्ड शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप धमतरी को दिया गया। बेस्ट खलनायक का अवार्ड शाश्वत उत्सर्ग युथ थियेटर ग्रुप धमतरी को दिया गया। बेस्ट स्टेज प्रापर्टी का अवार्ड रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच को दिया गया, जिन टीमों को कोई स्थान नहीं मिला, उन्हें भी आमोद श्रीवास्तव व शुंभाजलि श्रीवास्तव की ओर से सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद राशि दी गई। निर्णायक के रूप में राजकुमार सोनी, संतोष जैन, मनोज गुप्ता, रंजन कुमार घोष उपस्थित थे।

---

### निषाद समाज की बैठक 7 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक आगामी 7 जून को सुबह 10 बजे से जिला कार्यालय सामाजिक भवन कौरिनभांठा में आयोजित की गई है।

समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों व सिंगदई छात्रावास भवन का लोकार्पण व परिक्षेत्र का 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने वाले का चुनाव पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद ने बैठक में समाज के सभी जिला, क्षेत्रीय अध्यक्ष व पंचगहिया अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों व स्वजातीय बंधुओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### नाबालिग फांसी पर झूली

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेडेसरा में एक नाबालिग ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार इस मामले में लोगों से भी पूछताछ जारी है।

---

## धोखाधड़ी कर फरार हुआ आरोपी यूपी से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंडई

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा लगातार कार्रवााई की जा रही है। प्रकरण के अनुसार थाना गंडई में धारा 420, 466, 467, 468, 471, 34 भादवि एवं धारा 66, 67(ए) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रार्थी अंकलू राम पिता मंशाराम जंघेल 29 वर्ष निवासी उदान थाना छुईखदान की रिपोर्ट पर यह अपराध दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पाया गया कि थाना गंडई के अपराध धारा 279, 337 भादवि के प्रकरण में आरोपी लक्ष्मीनाथ जंघेल ने अपने पुत्र को नाबालिग दर्शाने के उद्देश्य से ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें उसकी जन्मतिथि 27.12.2005 अंकित थी। जांच में उक्त जन्म प्रमाण पत्र कूटरचित पाया गया।

#### साइबर तकनीकी से ली जानकारी

प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी लक्ष्मीनाथ जंघेल से पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर फर्जी ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र तैयार करने वाले व्यक्ति की तलाश की गई। साइबर तकनीकी सहायता से मोबाइल नंबर धारक की जानकारी प्राप्त कर उसके संबंध में पता-तलाश की गई। जिससे आरोपी का निवास उत्तरप्रदेश के सुल्तानपुर जिले में होना ज्ञात हुआ। पुलिस टीम द्वारा उत्तरप्रदेश जाकर आरोपी रवि निषाद 36 वर्ष निवासी वल्लीपुर जिला सुल्तानपुर (उप्र) को 29 मई को गिरफ्तार किया गया। ट्रांजिट रिमांड पर आरोपी को गंडई लाया गया तथा 1 जून को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

---

## समस्याओं को लेकर अभाविप ने किया प्रदर्शन

■ कुलपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राजनांदगांव एवं दुर्ग इकाई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय पहुंचकर विभिन्न छात्र समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया तथा कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। परिषद ने विश्वविद्यालय में लंबे समय से चली आ रही शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते त्वरित सुधार की मांग की।

ज्ञापन में विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक कैलेंडर का पालन नहीं किए जाने, परिणामों में विलंब, पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया की धीमी गति, पीएचडी प्रवेश परीक्षा एवं शोधार्थियों से जुड़ी समस्याओं सहित कई महत्वपूर्ण विषयों को उठाया गया। अभाविप ने गणित एवं अन्य विषयों के खराब परीक्षा परिणाम, बार-बार परिणाम विथहेल्ड होने, रिक्त पदों पर नियुक्तियां नहीं होने तथा संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता की निगरानी की कमी जैसे मुद्दों पर भी विश्वविद्यालय प्रशासन



का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला संयोजक धनंजय पांडे ने कहा कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में लंबे समय से शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाएं बनी हुई है। समय पर परिणाम घोषित न होना, पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में विलंब, पीएचडी प्रवेश परीक्षा का नियमित आयोजन न होना तथा रिक्त पदों पर नियुक्तियां नहीं होना विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। आज ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है। यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो परिषद व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

#### करते रहेंगे आवाज बुलंद

राजनांदगांव जिला केंद्र नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है। एनईपी के परिणामों में विलंब, विथहेल्ड परिणाम, पुनर्मूल्यांकन में देरी तथा प्रवेश संबंधी समस्याओं के कारण विद्यार्थियों को मानसिक एवं शैक्षणिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थी परिषद छात्र हितों से जुड़े प्रत्येक विषय पर सजग है और जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक विद्यार्थियों की आवाज बुलंद करती रहेगी।

#### आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं किया गया तो आगामी दिनों में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के समय प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रति गढ़वाल, हर्ष वर्मा, वैभव सिंह, सह-नगर मंत्री भूपेंद्र पाल, मोहित साहू एवं अन्य कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी शामिल रहे।

---

## कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं मांगे सुनी। जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।



कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। जनसामान्य अपनी अपेक्षाओं और विश्वास के साथ प्रशासन के पास पहुंचते हैं, इसलिए प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाए। जनदर्शन में सीमांकन, नामांतरण, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण, अवैध अतिक्रमण हटाने, नजूल भूमि संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व अभिलेखों में सुधार संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा नागरिकों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं के समाधान के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किए।

---

#### दिव्यांगजनों को 73.53 लाख के उपकरण वितरित

# दिव्यांगजनों का स्वावलंबन ही विकसित समाज की पहचान : डॉ. रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने जिला प्रशासन एवं सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले के 252 दिव्यांग हितग्राहियों को 73 लाख 53 हजार रुपए की लागत के सहायक उपकरण वितरित किए।

जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, एलिम्को तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया (एआईसी) के सहयोग से आयोजित विशेष शिविर में दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। यह उपकरण सीएसआर मद, एडीआईपी योजना के तहत एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया एवं एलिम्को के सहयोग से प्रदाय करते इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन



#### अत्याधुनिक सहायक उपकरण कराए उपलब्ध

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव जिला दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव पहला जिला है, जहां 40 प्रतिशत वाले दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल सहित अत्याधुनिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह प्रयास दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके जीवन को अधिक सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के चिन्हांकन से लेकर उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराने तक की पूरी प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशीलता और समर्पण के साथ संपन्न की गई है। ऐसे प्रयास शासन की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर साकार करते हैं।

सिंह ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए और दिव्यांगजन भी समाज की अमूल्य शक्ति है। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण साधन हैं।

कार्यक्रम में कुल 326 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। जिनमें 113 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 69 ट्राइसाइकिल, 49 व्हीलचेयर, 28 बैसाखी, 38 वॉकिंग स्टिक, 5 सुगम्य केन, 12 टीएलएम किट, 8 सीपी चेयर, 2 सिलिकॉन कुशन तथा 2 स्मार्ट फोन शामिल है। हितग्राहियों में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के 77, डोंगरगांव जनपद के 75, छुरिया जनपद के 64 तथा डोंगरगढ़ जनपद के 36 दिव्यांगजन शामिल रहे।

इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

## हर्षोल्लास के साथ मना होलकर जयंती समारोह



**राजनांदगांव।** शंकरपुर स्थित सामाजिक भवन में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती समारोह का आयोजन 31 मार्च को स्वजातीय बंधुओं द्वारा श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। वक्ताओं ने माता अहिल्याबाई होलकर के आदर्श जीवन, उनके उत्कृष्ट प्रशासन, समाज सेवा, धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण तथा जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर शंकरपुर क्षेत्र की पार्षद अपूर्वा श्रीवास्तव उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा शंकरपुर क्षेत्र में पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को उनके समक्ष रखा गया। पार्षद श्रीमती श्रीवास्तव ने जनहित को ध्यान में रखते क्षेत्र में लेट-बाथ (स्नानघर) एवं बोरिंग स्थापना के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की तथा आवश्यक कार्रवाई का शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापना की भी सहमति प्रदान की। उनके इस सकारात्मक सहयोग का नागरिकों एवं समाजजनों ने स्वागत करते आभार व्यक्त किया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सामाजिक एकता, शिक्षा, संस्कार एवं समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जून 2026



# स्कूलों तक पहुंची 9वीं-10वीं की किताबें, आज से आठवीं तक का होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूली बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराने जिले के चारों विकासखंडों में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक योजना और सरस्वती साइकिल योजना को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि स्कूल खुलते ही बच्चों को पढ़ाई-लिखाई की सामग्री और आने-जाने के लिए साधन मिल सके। बताया गया कि जिले की स्कूलों में 9वीं-10वीं की किताबें पहुंचा दी गई है। वहीं कल बुधवार से पहली से आठवीं कक्षा की किताबों का वितरण शुरू किया जाएगा।

## नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के साथ ही वितरण का टारगेट, विकासखंड तक पहुंचाई किताबें

### जिले में बंटेगी छह हजार साइकिलें

मिली जानकारी के अनुसार इस साल जिले में कुल 6070 साइकिलों की आवश्यकता बताई गई है। इस मांग के मुकाबले विभाग को अब तक 5119 साइकिलें प्राप्त भी हो चुकी है। प्राप्त हुई इन साइकिलों को असेंबल करने और सुधारने का काम भी शुरू कर दिया गया है। अब तक डोंगरगढ़ विकासखंड में कुल 500 साइकिलों की फिटिंग पूरी की जा चुकी है। जबकि राजनांदगांव विकासखंड में भी 200 से अधिक साइकिलें तैयार कर ली गई है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की कोशिश है कि बाकी बची हुई साइकिलों की फिटिंग भी समय पर पूरी कर ली जाए।



### स्कूल खुलते ही बंटेगी किताबें

सोमवार की स्थिति के अनुसार जिले के छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और राजनांदगांव विकासखंड के कुल 158 विद्यालयों में कक्षा नवमीं और दसवीं की पाठ्यपुस्तकें भेजी जा चुकी है। इसमें सबसे अधिक 49 स्कूलों में किताबें राजनांदगांव विकासखंड में पहुंचाई गई है। इसके अलावा छुरिया विकासखंड के 42 स्कूलों, डोंगरगढ़ के 35 स्कूलों और डोंगरगांव के 32 स्कूलों में किताबों की खेप भेजी जा चुकी है।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक योजना के तहत कक्षा नवमीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए किताबों के वितरण का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं यानी कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों के लिए पाठ्यपुस्तकों के वितरण का कार्य जून के पहले हफ्ते से बड़े पैमाने पर प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में हाई स्कूल की छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और सुदूर क्षेत्रों से स्कूल आने-जाने की सुविधा देने के लिए निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना को लेकर भी काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिए विभाग ने योजना बनाई है कि शेष बचे विकासखंडों यानी डोंगरगांव और छुरिया में जून के पहले सप्ताह के अंत तक फिटिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन घेरा एसपी कार्यालय

# गलत मेडिकल रिपोर्ट और खाकी की बेरहमी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत साढ़े 14 वर्षीय किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती बताकर गलत रिपोर्ट देने और इसके बाद थाना में पुलिस प्रताड़ना के मामले को लेकर दोषियों पर कार्रवाई करने कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने रैली निकाली और पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करते प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बीते 25 मई को सोमनी थाना पुलिस द्वारा एक बीमार किशोरी को देर रात उसके रिश्तेदार के घर से कथित रूप से बिना वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए बगैर उठाकर सोमनी थाना लाया गया, जहां उसे पूरी रात भूखे-प्यासे रखकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के मामले को लेकर आज सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते एसपी कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन करते किशोरी के साथ सोमनी थाना पुलिस द्वारा अमानवीय व्यवहार, अवैधानिक कार्रवाई एवं दोषी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भ जांच की अमानक किट की खरीदी एवं आपूर्ति की जांच कर एफआईआर दर्ज करने मांग की गई है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने इस मामले से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया था और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की थी, लेकिन इस मामले में अब तक सभी दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा इस मामले से जुड़े सभी लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने मांग की गई है।

**खास बातें**

- पीड़ित बालिका के साथ महिला कर्मी ने किया दुर्व्यव्हार
- कीट सप्लाई करने वाले भाजपा नेता पर कार्रवाई की कांग्रेस ने की मांग
- जांच के बाद लिया जाएगा एक्शन, दो समिति कर रही पूरी जांच पड़ताल



**होगी कार्रवाई**

थाना प्रभारी और महिला प्रधान आरक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है। इसमें पुलिस और प्रशासन की अलग से जांच टीम कार्य कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्षता से आगे की कार्रवाई होगी।

-अंकित शर्मा, पुलिस अधीक्षक

### सप्ताहभर का अल्टीमेटम

अपने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कमेटी द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने के बाद कार्रवाई के लिए एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है। एक सप्ताह में सभी दोषियों पर कार्रवाई नहीं करने की स्थिति में आईजी कार्यालय का घेराव करने चेतावनी दी गई है।

### किट सप्लाई करने और खरीदने वाले पर हो कार्रवाई

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि जिस रात सोमानी थाना में पीड़ित किशोरी को प्रताड़ित किया गया, वहां एक महिला अधिकारी भी उपस्थित थी। उसने भी उसके साथ दुर्व्यवहार किया है। उन्होंने मांग की है कि सभी दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए। इसके साथ ही जिस जांच किट से रिपोर्ट गलत आई, उस किट की खरीदी करने वाले बीएचएमओ और किट की सप्लाई करने वाले भाजपा नेता के भाई पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पुलिस पर संवेदनहीनता का आरोप

कांग्रेस द्वारा अपने ज्ञापन में कहा गया कि यह पुलिस की गंभीर संवेदनहीनता एवं शक्ति के दुरूपयोग का मामला है, बल्कि किशोर न्याय, बाल संरक्षण एवं पाक्सो अधिनियम की भावना के भी विपरीत है, जिस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, शारदा तिवारी, कमलजीत सिंह पिंटू, रमेश राठौड़, मामराज अग्रवाल, हेमा देशमुख, रूपेश दुबे, माया शर्मा, मेहुल मारू, झम्मन देवांगन, रूपेश जोशी, संतोष पिल्ले, राजा तिवारी, रूबी गरचा, पूर्व पार्षद चंपू गुप्ता, ऋषि शास्त्री, आमीन हुड्डा, विनय झा, अशोक पंजवानी, मनीष साहू, सूरज शर्मा, विशु अजमानी, अमर झा, चेतन भानुशाली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## ससुर के साथ मारपीट आरोपी दामाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ससुर के साथ मारपीट किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 2 जून की रात्रि थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 1 जून को रात्रि 10.30 बजे अपने बेटी दामाद के घर अपनी बेटी, नाती के लिए खाना लेकर गया था। दरवाजा के पास पहुंचा तो उसका दामाद दुर्गेश पटेल उसकी लड़की अंशिका पटेल को गालियां देते जान से मारने की धमकी देते हाथ, थप्पड़ से मारपीट कर रहा था, जिसे मना करने पर उसका दामाद दुर्गेश पटेल उसे गालियां देते जान से मारने की धमकी देकर किसी धारदार वस्तु से इसके सिर पर मारा। जिससे यह लहूलुहान हो गया। इसी तरह पूर्व में भी दामाद द्वारा नशे की हालत में कई बार मारपीट करना बताया कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351 (2), 118 (1) बीएनएस कायम कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

### सब्जी काटने का चाकू जब्त

पुलिस के अनुसार आरोपी दुर्गेश पटेल निवासी अटल आवास बैगापारा लखोली को थाना लाया गया। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक सब्जी काटने का चाकू जब्त कर आरोपी को 2 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

**खबर संक्षेप**

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 85 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब परिवहन एवं अवैध बिक्री के मामले में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 85 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में 1 जून को प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी प्रणय कुंजाम 26 साल निवासी सिंगदई को अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे कुल 85 पौवा देशी प्लेन शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर आरोपी प्रणय कुंजाम को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## ओवरटेक की बात पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छट्ठी कार्यक्रम से बाइक में सवार होकर लौट रहे लोगों को ओवरटेक करने की बात पर विवाद करते चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतालाव थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 जून को प्रार्थी रामलाल चंद्रवंशी निवासी वार्ड क्र. 3 टिकरापारा डोंगरगढ़ द्वारा थाना बोरतलाव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका भतीजा ओमप्रकाश चंद्रवंशी अपने साथियों युवराज चंद्रवंशी, धनसाय नेताम, रामप्रसाद नेताम एवं मुरली मनोहर चंद्रवंशी के साथ 31 मई को ग्राम दर्रेकसा (महाराष्ट्र) में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम उपरांत सभी लोग रात्रि लगभग 9 बजे तीन मोटर साइकिलों से अपने ग्राम कोटनापानी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बोरतलाव फॉरेस्ट बेरियर के पास मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ओमप्रकाश चंद्रवंशी एवं रामप्रसाद नेताम की मोटर साइकिल का पीछा करते ओवरटेक करने की बात पर गाली-गलौज की गई तथा उन्हें वाहन रोकने कहा गया।

### दो पर कार्रवाई, चाकू जब्त

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस को विवेचना के दौरान प्राप्त मुखबीर सूचना के आधार पर ग्राम बागरेकसा में दबिश देकर आरोपी निरज कुमार परते 21 वर्ष निवासी ग्राम छिंदीजोब व करन कुमार चंद्रवंशी 20 वर्ष निवासी ग्राम छिंदीजोब को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व एक धारदार चाकू तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।



### धारदार हथियार से हमला

जब उन्होंने वाहन नहीं रोका, तब दोनों अज्ञात व्यक्तियों ने उनका पीछा करते थाना बोरतलाव के आगे लाल कटिंग रोड स्थित सब्जी फार्म हाउस के पास मोटर साइकिल रूकवाई और रात्रि लगभग 9.50 बजे ओमप्रकाश चंद्रवंशी पर धारदार हथियार से हमला कर उसके पेट के बाएं हिस्से में गंभीर चोंट पहुंचाई। जिससे वह बेहोश हो गया। रिपोर्ट पर थाना बोरतलाव में धारा 296, 109(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

## ग्रामीणों के लिए लाभदायक रहा सुराज तिहार, समस्याओं से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटपर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली तथा विभिन्न विभागों ने मौके पर ही समस्याओं के समाधान की पहल की। शिविर में ग्राम पंचायत मेंढा, अमलीडीह, टप्पा, कोलिहापुरी नवा, उरईडबरी, झंडातलाब, पिनकापार, मोतीपुर, धनडोंगरी, भोथली, मक्काटोला, रामाटोला एवं पटपर के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन, विद्युत, स्वास्थ्य, वन, खाद्य, मत्स्य, परिवहन, सहकारिता, पशुधन विकास, ग्रामोद्योग, शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। हितग्राहियों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में कुल 891 आवेदन प्राप्त हुए।



### सुशासन तिहार में किसानों को मिला केसीसी ऋण व क्रेडिट कार्ड



**डोंगरगढ़।** रेंगाकठेरा में सुशासन तिहार अंतर्गत समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा, डूंडेरा, भंडारपुर, गाजमर्रा, जामरी, खलारी, कुररूभाठ, मुड़पार, मुंदगांव, मुरमुन्दा, पिपरिया, राका के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान राशन कार्ड, केसीसी ऋण, क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सुपोषण किट का वितरण किया गया। शिविर में अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विभागों को 1193 आवेदन मिले। गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, दिनेश गांधी, प्रशांत कोडापे, बीरम मंडावी, टोमेश्वर साहू, उमेश साहू, पूजा चौधरी, लक्ष्मी नारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

## माल लोडिंग में विलंब से व्यापारियों को नुकसान

**डोंगरगढ़।** रेलवे में समय पर माल लोडिंग नहीं होने से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। पीक्यूआरएस केंद्र से माल लोड किया जाता है। व्यापारियों द्वारा माल लोड करने के लिए इंडेंट का मांग किया जाता है,। इंडेंट उपलब्ध होने के बाद व्यापारियों को सूचना दी जाती है जिसके बाद माल की लोडिंग की जाती है। माल लोडिंग के लिए रेल प्रशासन द्वारा समय निर्धारित किया जाता है। निर्धारित समय में लोडिंग नहीं होने पर डीसी चार्ज लगाया जाता है, परंतु देखा जा रहा है कि रेल अधिकारी का कार्य दलाल द्वारा किया जा रहा है। दलाल सुनिश्चित करता है कि किसे पहले इंडेंट मिलेगा। जानकारी के अनुसार



गत दिनों गेहूं व्यापारी को इंडेंट उपलब्ध होने की जानकारी दी गई थी। व्यापारी जब माल के साथ पहुंचा तो बताया गया कि इंडेंट कैंसिल कर दिया गया है जिससे गेहूं व्यापारी को नुकसान उठाना पड़ा। इस संबंध में डीएमओ विशाल गर्ग ने आरोप को निराधार बताया है।

## पुलिस ने यातायात जागरूकता अभियान चलाया

# नियमों का उल्लंघन, 524 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई अभियान के तहत मई माह में 524 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन हेतु जिले के विभिन्न चौक-चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में आमजन को निरंतर जागरूक किया जा रहा है।

जागरूकता अभियान के दौरान वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, मालवाहक वाहनों में सवारी नहीं बैठाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन नहीं चलाने, मोटर साइकिल पर तीन सवारी नहीं बैठाने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने तथा वाहन संबंधी आवश्यक दस्तावेज जैसे पॉल्यूशन प्रमाण-पत्र, फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखने हेतु समझाइश दी जा रही है।



### लाईसेंस निलंबन की प्रक्रिया

शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों को न्यायालय खैरागढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही प्रकरणों के निराकरण उपरांत उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु संबंधित परिवहन विभाग को प्रेषित किए जा रहे हैं। मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले चालकों के विरुद्ध भी लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई सतत जारी है।

### शुल्क वसूल

मई माह के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत बिना नंबर प्लेट वाहन 175 प्रकरण, तीन सवारी 92 प्रकरण, बिना हेलमेट 30 प्रकरण, बिना सीट बेल्ट 12 प्रकरण, मालवाहक वाहन में सवारी बैठाना 8, शराब पीकर वाहन चलाना 16, प्रेशर हॉर्न का उपयोग 38, अन्य उल्लंघन 153 प्रकरण कुल 524 प्रकरणों में 3,01,700 रुपए का समन शुल्क, अर्थदंड वसूल किया गया।

## पद्मावतीपुर तक सड़क निर्माण की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकासखंड छुईखदान के ग्राम धारिया एवं आसपास के ग्रामीण एक बार फिर अपनी वर्षों पुरानी सड़क निर्माण की मांग को लेकर मुखर हो गए हैं। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि वे सुशासन तिहार के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर धारिया से एटीकसा, भूरसाटोला और खोंघा होते हुए पद्मावतीपुर पहुंच मार्ग तक पक्की सड़क निर्माण की मांग करेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बरसात के दिनों में सड़क



की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार के माध्यम से लोगों की समस्याओं और मांगों के निराकरण का दावा किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### राजस्व पटवारी संघ ने कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ को दिया समर्थन

**कवर्धा।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तुषार मानिकपुरी के साथ कथित अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। संघ ने कहा कि किसी शासकीय सेवक के साथ जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार का व्यवहार प्रशासनिक व्यवस्था और कानून के लिए चुनौती है। संघ के अनुसार घटना से राजस्व कर्मचारियों में भय का माहौल है। दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा गया कि केवल एफआईआर दर्ज होना पर्याप्त नहीं है। 1 जून को प्रदेश के सभी जिलों में राजस्व मंत्री के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों का जल्द निराकरण नहीं होने पर प्रदेशभर के पटवारी काम बंद कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। यह जानकारी प्रांतीय सचिव निर्मल साहू ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।


**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, **Gautam Jhariya** S/o **Dhaniram Jhariya** R/o 55, gaon-taro, teh-bodla, Kawardha, PO Kawardha, DIST Kabeerdham, Chhattisgarh-491995 have change the name of my minor daughter **Tikeshwari** aged **10 Years** and she shall hereafter be known as **Twinkal Jhariya.**

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Gautam Jhariya
[Signature of Guardian]



न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र........ब121 / वर्ष 2025-26

आवेदक नरेश चंद्रवंशी आ. परसराम जाति कुर्मी निवासी ग्राम डोंगरियाकला तहसील पण्डरिया जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम डोंगरियाकला, प.ह.नं. 43 को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश चंद्रवंशी पिता परसराम जाति कुर्मी साकिन डोंगरियाकला, तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक के दादी झड़वाईन बाई पति जगोई राम की मृत्यु दिनांक 01.01.2020 को ग्राम डोंगरियाकला में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने बाबत आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 04/06/2026 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक- 19/05/2026
पेशी दिनांक - 04/06/2026

मुहर
तहसीलदार
पण्डरिया, जिला-कबीरधाम


# 4.41 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा अत्याधुनिक 250 सीटर नालंदा परिसर

- नालंदा परिसर केवल एक भवन नहीं बल्कि पंडरिया विधानसभा के युवाओं के सपनों का केंद्र बनेगा : भावना बोहरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण अंचलों के युवाओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं सुविधा के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया नगर में 250 सीटर नालंदा परिसर लाइब्रेरी की स्थापना हेतु 4 करोड़ 41 लाख 49 हजार रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। यह परिसर विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा। 250 सीटर नालंदा परिसर लाइब्रेरी के निर्माण से पंडरिया क्षेत्र के विद्यार्थियों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को आधुनिक पुस्तकालय, डिजिटल अध्ययन संसाधन, वाई-फाई, समाचार-पत्र, एवं शांत वातावरण में अध्ययन जैसी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी, जिससे उन्हें अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

पंडरिया नगर में नालंदा परिसर की स्थापना हेतु प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सशक्त बनाने और युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नालंदा परिसर की स्थापना पंडरिया क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगी। यह केवल एक पुस्तकालय नहीं, बल्कि क्षेत्र के हजारों युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा, उन्हें अपने उज्जवल भविष्य की ओर आगे बढ़ने का अवसर देगा और पंडरिया विधानसभा अंतर्गत हमारे ग्रामीण परिवेश में रहने वाले बच्चों के लिए शैक्षणिक सुविधाओं का प्रमुख केंद्र बनेगा, यह परिसर विकसित पंडरिया, शिक्षित पंडरिया के लक्ष्य को नई गति देगा।

पंडरिया विधानसभा का बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहां अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। नालंदा परिसर के निर्माण से ऐसे विद्यार्थियों को अब अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण अध्ययन की सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने बताया कि पंडरिया विधानसभा के युवाओं और बेटियों की उचित शिक्षा एवं संसाधन उपलब्ध हो सके इसके लिए हम भी निरन्तर प्रयास कर रहें हैं।

### विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदमः विधायक

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि इस परिसर में विद्यार्थियों के लिए समृद्ध पुस्तकालय, आधुनिक अध्ययन कक्ष, शांत एवं अनुशासित अध्ययन वातावरण, डिजिटल शिक्षण संसाधन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे युवाओं को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे तथा उन्हें बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकसित छत्तीसगढ़ के विजन को धरातल पर उतारने के लिए शिक्षा और युवा सशक्तिकरण सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं। नालंदा परिसर का निर्माण पंडरिया विधानसभा के विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह परियोजना केवल एक भवन निर्माण नहीं है, बल्कि क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बनेगा। इससे ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण अध्ययन वातावरण उपलब्ध होगा और वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगारोन्मुखी अवसरों तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## समस्या : सारंगपुर खुर्द में गहराया जलसंकट, ग्रामीण जन परेशान

# प्यासा तालाब, ग्रामीण बेहाल, पशु पक्षी बूंद भर पानी को तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

भीषण गर्मी और नौतपा के बढ़ते असर के बीच कवर्धा विकासखंड की ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द में जलसंकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। गांव का मुख्य तालाब पूरी तरह सूख चुका है और उसमें बूंद भर पानी भी शेष नहीं बचा है। इसके चलते ग्रामीणों के साथ-साथ पशु-पक्षियों और मवेशियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण जन लेखन ठाकुर, रामानुज ठाकुर, नेमसिंह यादव, जुडावन धुर्वे, लेखन यादव, गिताऊ यादव एवं शंकर धुर्वे ने बताया कि गांव के तालाब के सूख जाने से पेयजल एवं दैनिक उपयोग के पानी की समस्या बढ़ गई है।

पशु-पक्षी पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, वहीं मवेशियों को भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के किनारे पचरी (घाट) का भी अभाव है, जिससे लोगों को स्नान और अन्य कार्यों के लिए असुविधा होती है। कई लोगों को मजबूरी में खेत-खलिहानों की ओर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।



### तालाब में बोर खनन की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब के पास नया बोर खनन कराया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तालाब में पानी डाला जा सके और गांववासियों के साथ-साथ पशु-पक्षियों एवं मवेशियों को भी राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में जलसंकट और गंभीर हो सकता है।

### जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने की मांग की है। उनका कहना है कि जल संरक्षण और जल उपलब्धता के लिए स्थायी समाधान किए जाने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें और पशुधन को भी राहत मिल सके।

# श्री विष्णु यज्ञ व श्री राम कथा का आयोजन आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पावन पुरुषोत्तम मास में धर्म धराधाम ग्राम पलानसरी में ग्रामाचार्य पं हरिहर प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में और यज्ञाचार्य पं चंद्रभूषण पाठक के आचार्यत्व में गौ रक्षा, ग्राम रक्षा और विश्व कल्याण के लिए श्री विष्णु महायज्ञ और श्रीराम कथा का पावन आयोजन 3 से 11 जून तक आयोजित की जाएगी। जिसमें 3 जून को जलयात्रा और मंडप प्रवेश होगा, 5 जून को अरणि मंथन होगा और 11 जून को यज्ञांत स्नान होगा।

प्रतिदिन सायंकाल श्रीराम कथा होगी। वहीं 4 से 7 जून तक चार दिवसीय कवर्धा वाले धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय के द्वारा श्री राम कथा का रसपान कराया जाएगा। वहीं 8 से 11 जून तक दुल्लापुर (महली) वाले पं हरे कृष्ण शुक्ला के द्वारा चार दिवसीय श्रीराम कथा श्रवण पान भक्तजनों को कराया जाएगा।

साथ ही साथ प्रतिदिन रात्रिकालीन श्रीराम लीला का आयोजन किया जाएगा जिसमें अघनु चंद्रवंशी, शालिक राम निर्मलकर, टेकसिंग, मुन्ना निर्मलकर, बलदाऊ, अघनु, जीतराम, रामधुनी, रामझूल, बल्लू, भरत, विश्वनाथ, योगेन्द्र, बल्लु, अशोक, राजेश, देवराम, नंदकुमार एवं समस्त ग्रामवासी पलानसरी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए है।

वहीं पलानसरी सहित आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यज्ञ भगवान के दर्शन परिक्रमा कर श्रीराम कथा का श्रवणकर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

# दूरसंचार उपभोक्ताओं को अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

सामाजिक संस्था समर्पित द्वारा भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के सहयोग से दूरसंचार उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बोड़ला विकासखंड के ग्राम खैरबना स्थित पंचायत भवन में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य दूरसंचार उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, सुविधाओं और शिकायत निवारण प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच दिलकनी साहू, उपसरपंच छगन साहू तथा पंच भगवंता साहू उपस्थित थें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ संदीप शर्मा ने बताया कि दूरसंचार उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान और जागरूकता के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कंज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप का गठन किया गया है, जिसमें समर्पित संस्था को भी शामिल किया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता दूरसंचार कंपनियों की विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई बार उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी उद्देश्य से संस्था ग्रामीण अंचलों में जन-जागरूकता अभियान चला रही है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर हितेश मिश्रा एवं ज्योति सिंह ने दूरसंचार उपभोक्ताओं को उनके अधिकार, मोबाइल एवं टेलीफोन सेवाओं से संबंधित शिकायत प्रक्रिया, फर्जी कॉल और ऑनलाइन ठगी से बचाव, कैशलेस भुगतान के लाभ, उपभोक्ता संरक्षण के प्रावधान तथा विभिन्न दूरसंचार योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर कंज्यूमर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान किया जाता है तथा मोबाइल, टेलीफोन और डीटीएच सेवाओं से संबंधित शिकायतों को पहुंचाने का प्रयास भी किया जाता है।

# क्षेत्र की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के दूसरे चरण का इंतजार, महिलाएं लाभ से अब भी वंचित

- कई महिलाओं का सवाल? आखिर कब भरे जाएंगे नए आवेदन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता का लाभ मिल रहा है, लेकिन आज भी बड़ी संख्या में ऐसी विवाहित महिलाएं हैं जो किसी न किसी कारण से योजना से वंचित हैं और नए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कई महिलाओं का कहना है कि योजना के प्रारंभिक चरण में उम्र, दस्तावेजों की कमी अथवा अन्य कारणों से उनका आवेदन नहीं हो पाया था। अब वे सभी पात्रता की शर्तें पूरी कर चुकी हैं, लेकिन नए आवेदन भरने के संबंध में कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिलने से वे लाभ से वंचित हैं। महिलाओं का कहना है कि कई परिवारों में सास को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि बहू पात्र होने के बावजूद योजना में शामिल नहीं हो पाई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार नए आवेदन खोलने की मांग उठ रही है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने प्रमुख वादों में विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद योजना लागू हुई और बड़ी संख्या में महिलाओं को इसका लाभ मिला।

हालांकि प्रारंभिक चरण में छूट गई महिलाओं को अब भी दूसरे चरण के आवेदन का इंतजार है। ग्रामीण महिलाओं और सामाजिक संगठनों का कहना है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचना चाहिए।

ऐसे में महतारी वंदन योजना के लिए पुनः आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। महिलाओं ने राज्य शासन से मांग की है कि पात्रता पूरी करने वाली तथा पूर्व में किसी कारणवश छूट गई महिलाओं के लिए जल्द आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ समान रूप से मिल सके।

### पात्र महिलाएं कर रहीं नए पंजीयन का इंतजार

ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं हैं जो योजना के पहले चरण में आवेदन नहीं कर सकीं। अब पात्रता पूरी होने के बावजूद नए आवेदन नहीं खुलने से वे शासन के निर्णय का इंतजार कर रही हैं।

### महिलाओं को आर्थिक संबल देने वाली योजना

महतारी वंदन योजना का उद्देश्य विवाहित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हितग्राहियों का मानना है कि योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक पहुंचना चाहिए, ताकि शासन की मंशा पूरी तरह सफल हो सके।

## जन समस्या निवारण शिविर में पेंड़ों की छाव बनी सहारा

# शिविर में गर्मी-उमस से बेहाल हुए लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार-2026 के तहत विकासखंड पंडरिया के ग्राम अंधियारखोर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों सहित 29 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण कर शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था।

शिविर में ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, मोहगांव, रूसे, मोहतरा कला, कंझेटा, कारीमाटी, सोढ़ा एवं अंधियारखोर सहित आसपास के पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

सभा को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास, सेवा और सुशासन का नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला या जनपद कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े, इसलिए शासन गांव-गांव पहुंचकर समाधान उपलब्ध करा रहा है। हालांकि शिविर में व्यवस्थाओं को लेकर कई लोगों ने नाराजगी भी जताई। भीषण गर्मी और उमस के बीच आम नागरिकों के लिए कूलर एवं पंखों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

कई ग्रामीण और कर्मचारी पेड़ों की छांव में बैठकर कार्यक्रम के संचालन का इंतजार करते नजर आए। गर्मी के कारण लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ा, जिससे आयोजन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हुए।

### गर्मी में नहीं मिली राहत

तेज धूप और उमस के बावजूद शिविर स्थल पर आम नागरिकों के लिए कूलर और पंखों की समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी। इसके चलते कई ग्रामीण और कर्मचारी पेड़ों के नीचे बैठने को मजबूर हुए। आयोजन के दौरान लोग गर्मी से राहत पाने के लिए छांव तलाशते नजर आए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने दिया सुख, समृद्धि और सम्मान का जीवन

**कवर्धा।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से हजारों ग्रामीण परिवारों के जीवन में सुख, समृद्धि और सम्मान का संचार हो रहा है। यह तब होता है जब योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं प्रबंधन से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों के जीवन की मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान सहज उपलब्ध हो और जीवन की गाड़ी अच्छे से आगे बढ़ती रहे। ग्रामीण हितग्राही अपना खुद का घर बनाकर उसमें रोजगार प्राप्त कर रहे हैं और जीवन की मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति कर रहे हैं। गरीब ग्रामीण परिवारों को उनका अपना पक्का घर मिले इस सोच के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा प्रयास अब साकार होने लगे हैं। जिसकी तस्दीक ग्रामीण क्षेत्र में इसकी तस्दीक पक्के घरों से सहज ही होता है। उल्लेखनीय है की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में अभी तक 100248 घरो के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ। जिसमें से 99652 हितग्राहियों को आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। स्वीकृति के आधार पर 98764 ग्रामीण परिवारो को प्रथम किश्त की राशि, 89372 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त की राशि, 76053 हितग्राहियों को तृतीय किश्त की राशि और 24698 हितग्राहियों को चतुर्थ किश्त की राशि उनके बैंक खाते में ऑन लाईन डी.बी.टी. के माध्यम से पी.एफ.एम.एस. द्वारा सहायता राशि जारी किया गया। ग्रामीण परिवारों को मिले आर्थिक मदद से अब तक 80774 ग्रामीण परिवारों ने अपना पक्का घर बना लिया है और वो इसमे अपने परिवार सहित खुशी खुशी रहने लगे हैं। शेष 18878 आवासो का निर्माण भी तीव्र गति से हो रहा है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### 4 को सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव

**राजनांदगांव।** सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु कबीर पंथ महासंघ नई दिल्ली (भारत) शाखा छत्तीसगढ़ के संयुक्त



तत्वावधान में आगामी 4 जून को शाम 4बजे से सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत श्री चुडामणि साहेब के मुख्य आतिथ्य में उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम प्रातः गुरु महिमा पाठ, ध्वज पूजन कर प्रारंभ किया जाएगा। साथ में सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के गादिपति महंत श्री सेवादास साहेब, संतश्री टुकेशवर साहेब कबीर धर्म स्थान खरसिया, और दीवान श्री अमरदास, भजन गायक संतोष साहेब व क्षेत्र के विशिष्ट संत महापुरुषों की उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु कबीर पंथ महासंघ के प्रदेश सचिव योगदास साहू ने दी।

### प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी गठित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन जिलाध्यक्ष ममता अवस्थी के मार्गदर्शन में किया



गया। इससे पूर्व श्रीमती अवस्थी ने अपने निवास पर मीटिंग का आयोजन कर पुरुषोत्तम मास के पुण्य अवसर पर सुंदरकांड का संगीतमय पाठ संपन्न कराया। सामाजिक कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य करने का वचन पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दिया। जिला कार्यकारिणी के गठन से पूर्व प्रदेश महासचिव वंदना तिवारी, शहर अध्यक्ष संगीता मिश्रा तथा अनीता बाजपेई ने समाज में संगठन की ताकत को मजबूत करने आह्वान किया। जिला कार्यकारिणी के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु ममता शर्मा, सुमन शुक्ला, संध्या तिवारी, रंजना शर्मा, ज्योति मिश्रा तथा नीलम शुक्ला को प्रभार सौंपा गया। इसी तरह शिक्षा समिति में स्वाति शुक्ला, पुष्पांजलि शुक्ला, सुधा तिवारी, मंजूषा बाजपेयी एवं आकांक्षा शुक्ला को जवाबदारी दी गई। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी के रूप में डॉ. सूर्यकांत मिश्रा का मनोनयन किया गया। मंच संचालन इंदुमती मिश्रा द्वारा किया गया।

### पांच युवाओं का अग्निवीर सैनिक में चयन

**राजनांदगांव।** जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से एनआईएस कोच कामता प्रसाद यादव छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम सुंदरा



के चपला मैदान में नियमित प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। जिसमें लगभग 100 बच्चे प्रतिदिन एथलेटिक्स का अभ्यास करने आते हैं। जिसमें पैरामिलिट्री फोर्स एवं भारतीय थल सेना हेतु बच्चे प्रशिक्षण लेते हैं। उन प्रशिक्षार्थियों में से पांच बच्चों ने अग्निवीर चयन परीक्षा में सफलता हासिल की है। प्रशिक्षण के पश्चात इन पांचो बच्चों का भारतीय थल सेना में अग्निवीर के रूप में चयन हुआ है। यह सभी बच्चे राजनांदगांव जिले के हैं। जिनमें राकेश कुंभकार बागनदी, गजेंद्र ठाकुरटोला, हरीश सौरभ सिंह सुंदरा और गोपाल सिंगोला शामिल हैं। सुंदरा के चपला मैदान में जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शुक्ला एवं सचिव रणविजय प्रताप सिंह तथा कोच कामता प्रसाद यादव द्वारा चयनित बच्चों का स्वागत किया गया एवं प्रशिक्षार्थी बच्चों का मनोबल बढ़ाने टिप्स दिए गए। चयनित बच्चों को जिला एथलेटिक संघ के संरक्षक मधुसूदन यादव, नवाज खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश ब्यौहारे, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अतुल चोपड़ा, देवेंद्र सिंह ठाकुर, प्रकाश साथिया, शैलेंद्र तिवारी, राजाराम देवांगन, प्रकाश मिश्रा, तरूणा सिंह, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, कबड्डी संघ के अशोक चौधरी, तीरथ गिरी गोस्वामी, हॉकी कोच एनआईएस अनुराग श्रीवास्तव, राजू वैष्णव, प्रमोद अब्राहम, झम्मन देवांगन, शीतल साहू, प्रवीण मेश्राम व ऋषिदेव चौधरी ने बधाई दी है।

### दिग्विजय कॉलेज में सुशासन शिविर आज

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हें शासन की योजनाओ का लाभ देने नगर निगम द्वारा वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जा रहा है। शिविर की कडी में कल 3 जून को महावीर वार्ड नं. 37 व दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिए दिग्विजय कॉलेज में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर वार्डवासियों की समस्या सुन उनसे मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त करेंगे।

## छत्तीसगढ़ के अलावा मप्र की टीमों ने भी लिया हिस्सा

# इंदौर के नाटक ने मारी बाजी, एकल अभिनय में धमतरी का निर्भया अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव थियेटर ग्रुप द्वारा 31 मई को भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के आडिटोरियम में एकल अभिनय व नाट्य विद्या की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा मप्र की टीमों ने भी हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि संपादक दुष्यंत दास व अध्यक्षता दीपक कोटांगले ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. पीएम लुका अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव व श्रेयांस सिंह शामिल हुए। दोपहर 12 बजे दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम एकल अभिनय की शुरूआत हुई। जिसमें 4 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें 1 छिंदवाडा मप्र का कलाकार तथा धमतरी के 3 कलाकार ने प्रतिभागिता की। एकल अभिनय में पुरस्कारों की शुरूआत सात्वंना पुरस्कार से की गई। धमतरी के कौन हूं मैं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एकल अभिनय में आकाशगिरी गोस्वामी धमतरी को एकल अभिनय उफ में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं एकल अभिनय में छिंदवाडा के विजय आनंद दुबे के एकल अभिनय खलनायक को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ तथा एकल अभिनय निर्भया धमतरी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसे ज्योति मागर ने प्रस्तुत किया था।



**बाल कलाकारों को किया पुरस्कृत :** इसी तरह प्रतियोगिता में 11 कैटेगिरी अवार्ड के साथ बच्चों को उत्साहवर्धन के लिए भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें ओम मंच पर अस्तित्व छिंदवाडा के नाटक पाचवा पराठा के तीनों बाल कलाकारों को मोमेन्टो देकर पुरस्कृत किया गया। कैटेगिरी अवार्ड में बेस्ट एक्टर अवार्ड इंदौर के रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच के टिल्लु के किरदार को दिया गया। बेस्ट अभिनेत्री अवार्ड इंदौर के रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच के कायल जैन को दिया गया।

### दर्शकों को रूलाया

धमतरी के एकल अभिनय में निर्भया ने दर्शकों को रूलाया। वहीं इदौर के नाटक गज फूट इंच ने दर्शकों को खुब हंसाया। इसी तरह नाटय विद्या में ओम मंच पर अस्तित्व छिंदवाडा के नाटक पाचवा पराठा व इंद्रधनुष थियेटर ग्रुप राजनांदगांव के नाटक ग्लानी को सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद राशि दी गई। नाटक विद्या में तृतीय स्थान पर रहा। नाटक राख शाश्वत उत्सर्ग युथ थियेटर धमतरी दूसरे स्थान रहा। नाटक टीस रंगभूमि थियेटर ग्रुप रायपुर और प्रथम स्थान पर रंगरूट थियेटर ग्रुप इंदौर का नाटक गज फूट इंच। सभी प्रथम व द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे नाटकों को नगद राशि भी प्रदान की गई।

### वरूण को बेस्ट डायरेक्टर अवार्ड

बेस्ट सह-अभिनेता का अवार्ड रंगभूमि थियेटर ग्रुप रायपुर के नाटक टीस के रजस को दिया गया। बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच के वरूण जोशी को दिया गया। बेस्ट स्टोरी का अवार्ड नाटक ग्लानी इंद्रधनुष थियेटर ग्रुप राजनांदगांव के आनंद तिवारी को दिया गया। बेस्ट लाईट का अवार्ड रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच को दिया गया। बेस्ट म्युजिक का अवार्ड रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच को दिया गया। बेस्ट स्क्रीप्ट का अवार्ड शाश्वत उत्सर्ग यूथ थियेटर ग्रुप धमतरी को दिया गया। बेस्ट खलनायक का अवार्ड शाश्वत उत्सर्ग युथ थियेटर ग्रुप धमतरी को दिया गया। बेस्ट स्टेज प्रापर्टी का अवार्ड रंगरूट थियेटर इंदौर के नाटक गज फुट इंच को दिया गया, जिन टीमों को कोई स्थान नहीं मिला, उन्हें भी आमोद श्रीवास्तव व शुंभाजलि श्रीवास्तव की ओर से सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद राशि दी गई। निर्णायक के रूप में राजकुमार सोनी, संतोष जैन, मनोज गुप्ता, रंजन कुमार घोष उपस्थित थे।

### निषाद समाज की बैठक 7 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक आगामी 7 जून को सुबह 10 बजे से जिला कार्यालय सामाजिक भवन कौरिनभांठा में आयोजित की गई है।

समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों व सिंगदई छात्रावास भवन का लोकार्पण व परिक्षेत्र का 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने वाले का चुनाव पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद ने बैठक में समाज के सभी जिला, क्षेत्रीय अध्यक्ष व पंचगहिया अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों व स्वजातीय बंधुओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### नाबालिग फांसी पर झूली

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेडेसरा में एक नाबालिग ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार इस मामले में लोगों से भी पूछताछ जारी है।

## धोखाधड़ी कर फरार हुआ आरोपी यूपी से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा लगातार कार्रवााई की जा रही है। प्रकरण के अनुसार थाना गंडई में धारा 420, 466, 467, 468, 471, 34 भादवि एवं धारा 66, 67(ए) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रार्थी अंकल्हु राम पिता मंशाराम जंघेल 29 वर्ष निवासी उदान थाना छुईखदान की रिपोर्ट पर यह अपराध दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पाया गया कि थाना गंडई के अपराध धारा 279, 337 भादवि के प्रकरण में आरोपी लक्ष्मीनाथ जंघेल ने अपने पुत्र को नाबालिग दर्शाने के उद्देश्य से ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। जिसमें उसकी जन्मतिथि 27.12.2005 अंकित थी। जांच में उक्त जन्म प्रमाण पत्र कूटरचित पाया गया।

### साइबर तकनीकी से ली जानकारी

प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी लक्ष्मीनाथ जंघेल से पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर फर्जी ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र तैयार करने वाले व्यक्ति की तलाश की गई। साइबर तकनीकी सहायता से मोबाइल नंबर धारक की जानकारी प्राप्त कर उसके संबंध में पता-तलाश की गई। जिससे आरोपी का निवास उत्तरप्रदेश के सुल्तानपुर जिले में होना ज्ञात हुआ। पुलिस टीम द्वारा उत्तरप्रदेश जाकर आरोपी रवि निषाद 36 वर्ष निवासी वल्लीपुर जिला सुल्तानपुर (उप्र) को 29 मई को गिरफ्तार किया गया। ट्रांजिट रिमांड पर आरोपी को गंडई लाया गया तथा 1 जून को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं मांगे सुनी। जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।



कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। जनसामान्य अपनी अपेक्षाओं और विश्वास के साथ प्रशासन के पास पहुंचते हैं, इसलिए प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाए। जनदर्शन में सीमांकन, नामांतरण, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण, अवैध अतिक्रमण हटाने, नजूल भूमि संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व अभिलेखों में सुधार संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा नागरिकों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं के समाधान के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किए।

PARIHAR HOSPITAL
SAI SANJIVANI MULTI SPECIALITY HOSPITAL
Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब कवर्धा में
गुरूवार, दिनांक : 04 जून 2026
सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
स्थान :
साईं संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भारत माता चौक, कवर्धा
दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक
स्थान :
परिहार हॉस्पिटल, बिलासपुर रोड, मिनीमाता चौक, कवर्धा



150 से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट



डॉ. दिव्येंदु दे
DM Hematology, Oncology & Stem Cell Transplant
डॉ. नीलेश जैन
(MBBS, MD, PDF)
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले
• खून की कमी
• सिकल सेल एनीमिया
• थैलेसीमिया
• शरीर के किसी भी हिस्से से रक्त स्त्राव
• बार-बार ब्लड लगना
• शरीर में लाल दाने अथवा चकते आना
• बार-बार बुखार का आना
• रक्त संबंधित कैंसर आदि
• शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ का होना
• लंबे समय तक न भरने वाला जख्म या छाला
• बिना प्रयास के वजन कम होना
• लगातार थकान व कमजोरी
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL

## दिव्यांगजनों को 73.53 लाख के उपकरण वितरित

# दिव्यांगजनों का स्वावलंबन ही विकसित समाज की पहचान : डॉ. रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने जिला प्रशासन एवं सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा राजनांदगांव जिले के 252 दिव्यांग हितग्राहियों को 73 लाख 53 हजार रुपए की लागत के सहायक उपकरण वितरित किए।

जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, एलिम्को तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया (एआईसी) के सहयोग से आयोजित विशेष शिविर में दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। यह उपकरण सीएसआर मद, एडीआईपी योजना के तहत एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया एवं एलिम्को के सहयोग से प्रदाय करते इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन



### अत्याधुनिक सहायक उपकरण कराए उपलब्ध

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव जिला दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव पहला जिला है, जहां 40 प्रतिशत वाले दिव्यांग हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल सहित अत्याधुनिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह प्रयास दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके जीवन को अधिक सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के चिन्हांकन से लेकर उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराने तक की पूरी प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशीलता और समर्पण के साथ संपन्न की गई है। ऐसे प्रयास शासन की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर साकार करते हैं।

सिंह ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए और दिव्यांगजन भी समाज की अमूल्य शक्ति है। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण साधन हैं।

कार्यक्रम में कुल 326 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। जिनमें 113 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 69 ट्राइसाइकिल, 49 व्हीलचेयर, 28 बैसाखी, 38 वॉकिंग स्टिक, 5 सुगम्य केन, 12 टीएलएम किट, 8 सीपी चेयर, 2 सिलिकॉन कुशन तथा 2 स्मार्ट फोन शामिल है। हितग्राहियों में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के 77, डोंगरगांव जनपद के 75, छुरिया जनपद के 64 तथा डोंगरगढ़ जनपद के 36 दिव्यांगजन शामिल रहे।

इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।